तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 10 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 ब्लाक मुख्यालय कटघोरा में खुलेगी नगरीय निकाय की लाईब्रेरी



## खबर संक्षेप

### हितग्राहियों को सामग्रियों का किया गया वितरण

**कोरबा।** पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बसीबार में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया। कृषि विभाग की शाकंभरी योजना के अंतर्गत ईश्वरी बाई, विनोद कुमार को सिंचाई पंप प्रदान किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पाँच हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग ने एक हितग्राही नूतन कुमार को व्हीलचेयर, तीन हितग्राहियों को श्रवण यंत्र तथा पाँच हितग्राहियों को छड़ी प्रदान की। शिविर में कुल 526 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 142 आवेदनों का निराकरण स्थल पर ही किया गया। बसीबार क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले सभी 11 ग्राम पंचायतोंकृबसीबार, तिवरता, सिरकीखुर्द, लिटियाखार, केराकछार, रतिजा, चैनपुर, उडता, पुटा, रैनपुरखुर्द और नोनबिर्राकृके ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से शिविर में भाग लिया।

### सरस काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह संपन्न




**कोरबा।** उद्गार काव्य समिति, जमनीपाली द्वारा पावर सिटी में सम्मान समारोह एवं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुकुटधर साहित्य समिति के सचिव, कवि, गीतकार एवं शिक्षक डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक एमआर राव ने की। डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा को उनकी शैक्षणिक सेवा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर उद्गार काव्य समिति द्वारा शाल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जीतेंद्र कुमार वर्मा खैरझिटिया ने सम्मान-पत्र का वाचन किया। इसी क्रम में समिति के अध्यक्ष शिशिर कुमार तिवारी ने चंद्रा जी के लिए विशेष रूप से रचित कविता फ्रेम सादर भेंट की। कविता-पाठ करने वालों में राधेश्याम कुमार साहू, मनीष मुसाफ़िर, शशिर कुमार तिवारी, डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, जीतेंद्र वर्मा खैरझिटिया, नवल कुमार जोशी, एमआर राव, कविता जैन आदि शामिल रहे।

### सात दिवसीय निःशुल्क योग-ध्यान शिविर 11 से

**कोरबा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीनियर क्लब सीएसपीजीसीएल के माध्यम से



सात दिवसीय निःशुल्क योग-ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 11 से 17 मई तक प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक संचालित होगी। शिविर का संचालन एवं प्रशिक्षण गुरुकुल योग एवं एक्यूप्रेशर संस्थान के योगाचार्य डॉ. डीके आनंद द्वारा प्रदान किया जाएगा। योग-ध्यान शिविर सीनियर क्लब, सीएसपीजीसीएल कोरबा (पूर्व) परिसर में प्रातः आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के महिला, पुरुष एवं बच्चे भाग ले सकेंगे। शिविर पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में योग एवं ध्यान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त बनाना है। शिविर में योगासन, प्राणायाम, ध्यान, सूक्ष्म व्यायाम, प्राकृतिक स्वास्थ्य पद्धति एवं दैनिक जीवन में स्वस्थ रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। योगाचार्य डॉ. डी.के. आनंद द्वारा प्रतिभागियों को सरल एवं प्रभावी योग क्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# अब सभी जनपद पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे प्लेसमेंट कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने के उद्देश्य से अब सभी जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। अब तक जिला मुख्यालय के रोजगार कार्यालयों में ही प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाते थे। जिसमें दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार भी शामिल हुआ करते थे। अब उन्हें यह सुविधा जनपद पंचायतों में ही मिलेगी।

पहली बार जनपद पंचायत मुख्यालयों में प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसकी तैयारी एक माह पूर्व जिला प्रशासन द्वारा की गई है। पिछले दो माह से रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जा रहे थे। इन प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने वालों में सर्वाधिक शिक्षित बेरोजगार ग्रामीण अंचलों से हुआ करते थे। यह रिपोर्ट जिला प्रशासन तक पहुंचने के बाद जनपद पंचायतों में प्लेसमेंट कैंप लगाने की योजना बनाई गई। इसके लिए जनपद पंचायतों में अलग-अलग तिथि पर आयोजित किए जाएंगे। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### प्रदेश व बाहर की कंपनियां भी शामिल होंगी

**खास बातें**

- ग्रामीण अंचल के शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगा मौका
- करतला, कटघोरा, पाली, पोड़ीउपरोड़ा में होंगा कैंप



### कब कहां लगेंगे कैंप

| जनपद पंचायत | तिथि |
|---|---|
| करतला | 11 मई, 20 जुलाई |
| कटघोरा | 12 मई, 21 जुलाई |
| पाली | 13 मई, 22 जुलाई |
| पोड़ी उपरोड़ा | 14 मई, 23 जुलाई |
| कोरबा | 15 मई, 24 जुलाई |

## जिला मुख्यालय आने से अधिकारियों को मिलेगी निजात

# वीडियो कांफ्रेंसिंग से ब्लाक मुख्यालयों के अधिकारियों की बैठक लेने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ब्लाक मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों की बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालय से किए जाने की तैयारी है। इस प्रशासनिक तैयारी से ब्लाक के अधिकारियों को जिला मुख्यालय आने से निजात मिलेगी।

**खास बात**

- आम लोगों की समस्याएं ब्लाक मुख्यालय में होगी निराकृत



फाइल फोटो

जिला मुख्यालय में प्रति सप्ताह मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। उस बैठक के अलावा अन्य दिनों में भी विभिन्न एजेंडों पर ब्लाक मुख्यालय के अधिकारियों की बैठक ली जाती है। इसके लिए करतला, पोड़ी उपरोड़ा और पाली जैसे दूरस्थ क्षेत्र के ब्लाक के अधिकारियों को जिला मुख्यालय आना पड़ता है। इसलिए ब्लाक के कार्य तो प्रभावित होते ही हैं साथ ही ब्लाक के कर्मचारी विभागीय अधिकारियों के नहीं रहने पर नदारद रहते हैं। और अपने छोटे छोटे कार्यों के लिए ब्लाक मुख्यालय पहुंचने वाली जनता अधिकारियों के न मिलने पर कर्मचारियों को ढूंढ़ती फिरती है। जो दफ्तर से नदारद रहते हैं। परिणाम स्वरूप जनता बैरंग लौटती है। ऐसी तकनीकी समस्याओं को देखते हुए अब ब्लाक मुख्यालय के अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेने की तैयारी चल रही है। हालांकि इसके माध्यम से पूर्व में भी बैठकें आयोजित की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम भी निकले थे।


### विभागीय योजनाओं की होगी समीक्षा

वीसी के माध्यम से होने वाली ब्लाक के अधिकारियों की बैठक में ब्लाक में चलने वाली विभिन्न शासकीय योजनाओं की सतही समीक्षा भी हो सकेगी। बैठक के दौरान ब्लाक के अधिकारियों के निर्माण स्थल के वीडियो और फोटो भी मांगे जा सकेंगे। जिसे उन्हें तत्काल प्रस्तुत करना होगा।

### नहीं चलेगा बहाना

बैठक में शामिल होने वाले अधिकारियों को अब कोई भी बहाना नहीं मिलेगा। जिला मुख्यालय की बैठक में आने वाले अधिकारियों के सामने कई तरह के बहाने रहते थे। कभी फाइल तैयार नहीं होना, कभी विभागीय कर्मचारियों की अनुपस्थिति से काम प्रभावित होना तो कभी मैदानी दौरे का भी हवाला दे दिया जाता था। वीसी के माध्यम से होने वाली बैठक में अब इस तरह के बहाने नहीं चल सकेंगे।

# मौसम का बदला मिजाज, तेज आंधी के साथ राखड़ वर्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। दोपहर बाद चली तेज अंधड़ ने जहां लोगों को गर्मी से राहत की उम्मीद जगाई थी, वहीं इस आंधी ने शहर को राखड़ के गुबार में तब्दील कर दिया है। स्थिति यह है सड़कों पर दृश्यता कम हो गई है और आसमान से बारिश की बूंदों के बजाय राखड़ बरसने लगी। तेज हवाओं के चलते राखड़ बांधों से उड़ने वाली राख अब रिहायशी इलाकों में घुस चुकी है। दर्री, बालको, और कुसमुंडा जैसे क्षेत्रों में स्थिति बेहद गंभीर है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए सड़कों पर चलना दूभर हो गया है, क्योंकि आंखों में राख पड़ने से दुर्घटनाओं का अंदेशा बढ़ गया है। एक तरफ प्रशासन शहर के सौंदर्यीकरण और स्मार्ट होने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर एक तेज आंधी निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दावों की पोल खोल देती है। स्थानीय वासियों का कहना है कि जैसे ही तेज हवा चलती है, हमारे घरों के भीतर राख की परत जम जाती है। यह केवल धूल नहीं, बल्कि बीमारियों का न्योता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह राखड़ वर्षा दमा, एलर्जी और आंखों के संक्रमण के मरीजों के लिए बेहद घातक है। प्रदूषण विभाग की लापरवाही के कारण राखड़ बांधों पर पानी का छिड़काव न होना इस समस्या का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। प्रभावित इलाकों में दर्री, जमनीपाली, बालको, मानिकपुर और कुसमुंडा क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित है।

# ट्रेलर ने बाइक सवार एसईसीएल कर्मी को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

शनिवार को तड़के एक ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक मोटर साइकिल को अपनी चपेट में लिया। इस घटना से बाइक में सवार एसईसीएल कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई है। कुसमुंडा रोड की स्थिति निहायती खराब हो गई है जिस वजह से आए दिन कोई ना कोई छोटी-बड़ी घटना होती रहती हैं इन्हीं घटनाओं में एसईसीएल कर्मी की भी मौत ट्रेलर के नीचे आने से मौत हो गई। एसईसीएल कर्मी दुखीराम यादव जो बांकीमोंगरा का निवासी बताया जा रहा है उम्र तकरीबन 55 वर्ष के आसपास की है। कर्मचारी ब्लास्टिंग सेक्शन में पदस्थ था। वह कुसमुंडा से ड्यूटी कर छुट्टी होने के बाद घर की ओर बांकीमोंगरा जा रहा था इसी बीच ट्रेलर की चपेट में आने से कर्मी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची


मौके पर मृत एसईसीएल कर्मी।

और आक्रोशित लोगों को शांत किया और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है।

# ऑपरेशन के बाद अस्पताल पहुंचा मरीज स्टॉफ ना मिलने पर दोस्त ने की ड्रेसिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ड्रेसिंग रूम में स्टाफ के मौजूद न होने का आरोप लगाते हुए एक मरीज के दोस्त द्वारा खुद ड्रेसिंग करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- जिला मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर लापरवाही का लगा आरोप

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी हुकुम कुमार का कुछ दिन पहले जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के टांके खुलने के बाद दर्द बढ़ने पर वह अपने दोस्त चंदन कुमार के साथ अस्पताल पहुंचे। दोनों ने पहले पर्ची कटवाई और डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने ड्रेसिंग कराने की सलाह दी, जिसके बाद वे ड्रेसिंग रूम पहुंचे। हुकुम कुमार का आरोप है कि ड्रेसिंग रूम में काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। दर्द अधिक होने के कारण उनके दोस्त चंदन कुमार ने ड्रेसिंग कक्ष में रखी दवाइयों से ऑपरेशन वाली जगह पर खुद ड्रेसिंग कर दी। चंदन का कहना है कि वह स्टाफ को खोजने के लिए पर्ची लेकर इधर-उधर घूमते रहे, लेकिन कोई नहीं मिला। मजबूरी में उन्होंने खुद ही ड्रेसिंग की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सह अधीक्षक रविकांत जाटवर ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी। रविकांत जाटवर ने बताया कि वीडियो के आधार पर जांच की गई है। उनके मुताबिक, वीडियो में मरीज का दोस्त खुद ड्रेसिंग करते दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि उस समय ड्रेसिंग रूम में कर्मचारी मौजूद था और उसने मरीज के दोस्त को ऐसा करने से मना भी किया था, लेकिन इसके बावजूद उसने खुद ड्रेसिंग कर दी।


साथी की ड्रेसिंग करता दोस्त।

### मरीज और अस्पताल प्रबंधन के अलग अलग बयान

इस मामले में मरीज और अस्पताल प्रबंधन के बयान अलग-अलग हैं। मरीज का कहना है कि ड्रेसिंग रूम में कोई स्टाफ मौजूद नहीं था, जबकि प्रबंधन कर्मचारी की मौजूदगी का दावा कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया है कि भविष्य में मरीजों को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा।

## प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर दुदावत

# उरगा-कटघोरा एनएचआई के एलायनमेंट को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा प्रेस से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर कुणाल दुदावत शामिल हुए। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन के विकास कार्यों को पत्रकारों ने हमेशा आगे बढ़ाया है और शासन के कार्यों को जन जन तक पहुचाया है।

उन्होंने कहा कि चार माह में जिले के सभी क्षेत्रों का दौरा कर वहां की जानकारी ली और विकास कार्यों का रोड मैप बनाया गया है। जिले में सड़को का जाल फैला हुआ है जिसे सुधारने की जरूरत है। शहर के अंदर विधुत पोल को ठीक करते हुए तारों को अंडर ग्राउंड करने का कार्य किया जाएगा। नए बायपास मार्ग बनाने का काम किया जाएगा। जिसमे बालको ,एसईसीएल, एनटीपीसी की सड़कों पर चलने वाले भारी वाहनों के लिए सड़क ठीक करना। शिक्षा को बढ़ावा देने का काम करना है। कोसाबाड़ी से रिसदी तक फोर लेन सड़क बनाने के साथ ही स्कूल के जर्जर भवन को ठीक करना भी शामिल। आंगनबाड़ी भवन बनाना, गुणवत्ता युवक्त शिक्षाक की नियुक्ति करना शामिल है। जिला मिनरल फण्ड का उपयोग छात्रों को शिक्षा के लिए अनुदान देने में किया जाएगा। श्री दुदावत ने बताया कि खेलो को भी बढ़ावा देने के लिए भी कार्य किया जाएगा। इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम को और उन्नत किया जाएगा। होंकी के लिए उच्च क्वालिटी का मैदान बनाना , बास्केट बॉल मैदान बनाना। शासकीय कॉलेज के खेल मैदान को भी बेहतरीन बनाना है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए भवन बनाना है जिनके लिए 4 करोड़ का फंड स्वीकृत है। सिटी स्कैन मसीन जल्द शुरू होने जा रहा है। खदान क्षेत्रों के लिए 10 मोबाइल मेडिकल वैन शुरू हो रहे हैं। खादान क्षेत्र के लीगों को के लिए हेल्थ इंश्योरेंस की भी शरुआत होने जा रही है। एम्बुलेंस की सुविधा को बढ़ावा देने के लिए 108 की अतिरिक्त 8 एम्बुलेंस की सुविध की मांग की गई है ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने पेयजल की भी पूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा। 245 गांव के लिए एतमा नगर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का काम किया जा रहा है। सरफेस वाटर सप्लाई पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों को सर्वे कर चिन्हाकिंत कर शिविर लगाकर कृतिम अंग बनाने को लेकर जून माह में शिविर लगाया जाना है। वहीं कृषि कार्य में बदलाव किया जाना है। जिले में 33 प्रतिशत ही कृषि क्षेत्र है । सिंचित क्षेत्रों की सर्वे करना है। सुरक्षा के दृष्टि से दुर्घटना को रोकने के लिए हाइवे पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हाकित किया जा रहा है। घुमावदार मोड़ के साथ अन्य जगहों पर लाइट लगाई जा रही। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिले के विकास को लेकर अन्य जरूरी बातें कही। आने वाले दिनों में कोरबा शहर की सभी क्षेत्रों में विकास कार्य दिखाई देगा।


जानकारी देते कलेक्टर दुदावत।

### साईकिल रिपेयरिंग दुकान में लगी आग, मामला दर्ज

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना के प्रेम नगर छुराकछार निवासी मुन्ना केंवट के साइकल दुकान में शुक्रवार की रात आगजनी की घटना घटित हुई है। बताया जाता है कि किसी असमाजिक तत्वों के द्वारा दुकान के सामने रखें पुराने टायर और मोटरसाइकिल को आग के हवाले किया था जिसकी चपेट में बिजली मीटर भी जलकर खाक हो गई है। मुन्ना साइकल स्टोर के संचालक का कहना है कि बीती रात यह घटना होने के बाद आसपास के लोगों द्वारा जानकारी दी। घटनास्थल पहुंचने पर दुकान के संचालक ने देखा कि उनके दुकान के सामने रखें पुराने स्क्रैप में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी है जिसकी सूचना मुन्ना केंवट साइकल दुकान के संचालक और क्षेत्र पार्षद प्रेम कुमार ने सुबह कुसमुंडा थाना पहुंचकर इस घटना की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### फर्जी पुलिसकर्मी बनकर 8 हजार की वसूली

**बिलासपुर।** फर्जी पुलिसकर्मी बनकर दो युवकों ने माल वाहन गाड़ी को रोककर ड्राइवर से 8 हजार रुपए आनलाइन ट्रांसफर करा लिया। पुलिस ने कार सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, 5 मई को मध्य प्रदेश उमरिया निवासी ड्राइवर सुरेन्द्र जायसवाल माल वाहक गाड़ी में तम्बाकू, गेंहू लोड कर छोड़ने व्यापार विहार व अकलतरा जा रहे थे। सुबह 8 बजे लोंखड़ी के पहले कार सवार दो युवकों ने हाथ दिखाकर उनकी गाड़ी रोकवाई और अपने आपको पुलिसकर्मी बताते हुए गाड़ी के दस्तावेज व सामान की बिल्टी दिखाने कहा। ड्राइवर ने सभी दस्तावेज दिखा दिया। उसके बाद भी दोनों युवक कुछ तो देना होगा कहने लगे। ड्राइवर ने मोबाइल में फोन लगाकर अपने मालिक से बात कराई। उसके बाद भी दोनों युवक कार्रवाई करने की बात कहकर ड्राइवर को कार में बैठाकर 4 घण्टे तक इधर उधर घुमाते रहे। दोपहर 12 बजे दोनों युवक ड्राइवर को पुराना बस स्टैण्ड लेकर गए और डरा धमका कर आनलाइन 8 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर छोड़ दिया। ड्राइवर ने अपनी गाड़ी लेकर व्यापार विहार, अकलतरा में सामान खाली करने के बाद वापस जाकर घटना की जानकारी गाड़ी मालिक को दी। उसके बाद दोनों सकरी थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने ड्राइवर की रिपोर्ट पर अज्ञात कार सवार दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पार्षदपति से मारपीट दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराब पिलाकर पार्षद पति से मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी निवासी पार्षद पति रोशनलाल पाटले ने रिपोर्ट लिखाई। 4 मई की रात वे रेलवे स्टेशन से घर लौट रहे थे। नयापारा में सोलापुरी माता का कार्यक्रम चल रहा था। यू मुरलीराव, विष्णु तिवारी वहां खड़े थे। दोनों उन्हें कार में बैठाकर शराब दुकान ले गए। शराब खरीदने के बाद बंगलायार्ड मोड़ के पास कार खड़ी कर शराब पी रहे थे। उसके बाद दोनों सिरगिट्टी थाना के पास नर्मदा कोल्डिंग फैक्ट्री के गली में ले जाकर दोनों ने पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए उनके साथ मारपीट की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जमीन बेचने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** मोपका में जमीन बेचने का झांसा देकर एक युवक से 20 लाख रुपए की ठगी करने वाले जमीन दलाल के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, पावर हाउस निवासी सपेला राजशेखर 25 साल वर्ष 2024 में पिता के रिटायर्ड होने के बाद खरीदने के लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान पावर हाउस चौक निवासी जमीन दलाल निखिल शर्मा ने उनसे संपर्क कर उन्हें मोपका में अपनी जमीन दिखाई। 2250 वर्ग फीट जमीन खरीदने के लिए राजेशेखर तैयार हो गए। उन्होंने बयाना के तौर पर ऑनलाइन व नकद के माध्यम से उसे 20 लाख रुपए दे लिया। शेष रकम रजिस्ट्री होने पर देने की बात कही गई। श्री राजशेखर उसे जमीन की रजिस्ट्री कराने को कहते तो वह घुमाने लगता था। इस पर उन्हें संदेह हुआ उन्होने उक्त जमीन के संबंध में पतासाजी की तो जानकारी हुई। उक्त जमीन दूसरे के नाम पर दर्ज है। श्री राजशेखर ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दलाल निखिल शर्मा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**20 से अधिक कालोनियों के लोग बुनियादी सहूलियतों को तरस रहे**

**अवैध प्लाटिंग शहर के साथ ही आसपास के क्षेत्र की बसाहट को अव्यवस्थित कर रहा**

# अवैध प्लाटिंग के 370 से अधिक मामले, एफआईआर सिर्फ 32 पर, बाद में नियमित भी कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध प्लाटिंग शहर के साथ ही आसपास के क्षेत्र की बसाहट को लगातार अव्यवस्थित कर रहा है। बिलासपुर तहसील के अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के 370 से अधिक मामले हैं लेकिन इनमें से नगर निगम ने केवल 32 के खिलाफ एफआईआर किया है।

वहीं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने धारा 36 और 37 के अंतर्गत 65 अवैध कालोनाइजर को नोटिस तो दे दिया पर परिवाद एकमात्र व्यक्ति के खिलाफ दायर किया गया। जहां तक राजस्व विभाग की बात है तो कार्रवाई के मामले में उसके आंकड़े बहुत कम हैं। निगम एरिया के बाहर अवैध प्लाटिंग के मामलों में राजस्व विभाग को कार्रवाई का अधिकार है। सब जानते हैं कि अवैध प्लाटिंग के गोरखधंधे में करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं। ऐसे में यदि इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही हो तो इनसे जुड़े विभागों पर सवालिया निशान लग जाते हैं। गौरतलब है कि राज्य शासन बार-बार कहता है कि शहर तभी व्यवस्थित होगा, जब अनियंत्रित और स्वरूप बिगाड़ने वाले अवैध प्लाटिंग बंद होंगे। जब तक अवैध कालोनाइजर की कारगुजारियां होंगी तब तक शहर व्यवस्थित नहीं होगा। हालांकि इसका पालन नहीं के बराबर है। अवैध कालोनियों के लोग जानते हैं कि प्लाट लेने के बाद आज वह पानी, बिजली, सड़क, सफाई जैसी सुविधाओं के मोहताज हैं। अवैध कालोनियों को निगम और बिजली विभाग बिजली कनेक्शन तक नहीं देता।

शहर में ही 20 से अधिक कालोनियां ऐसी हैं, जहां के लोग बुनियादी सहूलियतों को तरस रहे हैं। गोकुल नगर के पास अवैध कॉलोनी जहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है।

### यहां अवैध प्लाटिंग की सबसे अधिक शिकायतें

अवैध प्लाटिंग की सबसे ज्यादा शिकायतें सकरी लोखंडी, मंगला और तखतपुर क्षेत्र से आई हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके अतिरिक्त आउटर के उस्लापुर, मोपका, खमतराई, बहतराई, बिजौर, तोरवा, कोनी, सिरगिट्टी, तिफरा में अनियोजित विकास हो रहा है। अवैध प्लाटिंग रोकने प्रशासन नाकाम है और लोग सस्ते प्लाट के चक्कर में लगातार ठगे जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि प्रशासन यदि ठान ले तो अवैध प्लाटिंग एक ही बार में बंद हो जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन रजिस्ट्री कार्यालय को स्पष्ट निर्देश दे कि वह बिना डायवर्सन, ले आउट देखे किसी भी प्लाट की रजिस्ट्री न करें। ऐसा करने से थोक के भाव में हो रही रजिस्ट्री नियंत्रित हो जाएगी।




### नगर निगम में पांच साल में 296 मामले

नगर निगम के अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के मामलों में 2019 से तेजी आई, जब निगम सीमा का विस्तार हुआ। नगर निगम के भवन शाखा ने पिछले 5 सालों में अवैध प्लाटिंग के 296 मामले दर्ज किए हैं। इनमें से 32 प्रकरणों पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। भवन शाखा के अनुसार भूस्वामियों के बारे में जैसे-जैसे जानकारी मिलती जाएगी, कार्रवाई की जाएगी। इसके अलाव राजस्व विभाग से खसरा नंबर के आधार पर भूस्वामियों के नाम-पते मांगे गए हैं। भवन शाखा के अनुसार मेयर इन काउंसिल ने अवैध प्लाटिंग के मामले में 125 रुपए प्रति वर्ग फुट का विकास शुल्क निर्धारित किया है। अब अवैध प्लाटिंग करने वालों से शुल्क वसूलने के लिए उनके खिलाफ परिवाद दायर किया जाएगा।

### टीएनसीपी में 65 को नोटिस परिवाद एक के खिलाफ

नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुसार अवैध प्लाटिंग के मामले में निगम एरिया में नगर निगम तथा बाहर पंचायत क्षेत्रों में राजस्व विभाग को कार्रवाई का अधिकार है। अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की धारा 36-37 के अंतर्गत परिवाद दायर करने का अधिकार संचालक को है। इस संबंध में 65 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। सैदा में अवैध प्लाटिंग के एक मामले में परिवाद दायर किया गया है।

### की जाएगी कार्रवाई

भूस्वामियों के बारे में जैसे-जैसे जानकारी मिलती जाएगी, कार्रवाई की जाएगी। इसके अलाव राजस्व विभाग से खसरा नंबर के आधार पर भूस्वामियों के नाम-पते मांगे गए हैं।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

### गोलबाजार में ट्रैफिक जाम...



**बिलासपुर।** शनिवार की दोपहर गोलबाजार मानसरोवर चौक पर चारो ओर से वाहनों के आ जाने से ट्रैफिक जाम हो गया। सिटी कोतवाली थाने के सामने स्थित इस चौक पर एक भी ट्रैफिक पुलिस का सिपाही नहीं था। इस गर्मी में जाम में फंसे लोग एक घंटे पसीना बहाते रहे।

## जन्मदिन की पार्टी के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट

बिलासपुर। बीती रात 12 बजे गतौरी स्थित एक ढाबा में जन्मदिन मनाने के दौरान दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, उसलापुर निवासी दीक्षा वर्मा बीएए की पढ़ाई कर रही हैं। 7 मई की रात 10 बजे वे अपने भाई दक्ष वर्मा, प्रतीक्षा वर्मा, अभिनव सोनी, प्रियांशु मिश्रा के साथ कार क्रमांक सीजी 07 बीयू 9183 में खाना खाने गतौरी ग्लोरी ढाबा गई थीं। खाना खाने के बाद सभी कार से लौट रहे थे। रास्ते में दीक्षा ने देखा तो उनका मोबाइल नहीं था। सभी मोबाइल लेने के लिए फिर से ढाबा गए। वहां जन्मदिन मना रहे शिवांश शुक्ला ने अभिनव सोनी को कमेंट करते हुए कहा प्रियांशु मिश्रा को समझा दो नहीं तो मार पड़ेगी। अभिनव ने कहा दोनों आपस में बात कर लो। नशे में शिवांश एवं उसके दोस्तों ने गाली गलौज करते हुए युवक व युवतियों के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। जिससे दीक्षा, अभिनव, दक्ष वर्मा, प्रियांशु मिश्रा को चोट आई। वहीं दीक्षा का मोबाइल पटककर तोड़ दिया गया। मारपीट के दौरान उनका दो सोने की अंगूठी कहीं गिर गई है। दूसरे पक्ष से शिवांश शुक्ला ने आरोप लगाया है अभिनव सोनी ने फोनकर प्रियांशु मिश्रा को मारने का प्लान बना रहे हो कहकर गाली देने लगा। कुछ देर बात वह अपने साथियों के साथ मारपीट की है। पुलिस ने दीक्षा की रिपोर्ट पर हमलावर शिवांश शुक्ला, अक्षय साहू, शिवम दुबे, अक्षय सोनी, चारू देवांगन, शिवम सराफ, आकाश सराफ, यश सराफ, अमन ठाकुर एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 324, 3, 351, 3 व शिवांश शुक्ला की रिपोर्ट पर हमलावर अभिनव सोनी, प्रियांशु मिश्रा, दक्ष वर्मा, दीक्षा वर्मा, प्रतिक्षा वर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ा

देर रात ढाबा में युवक युवतियों के द्वारा जमकर मारपीट कर तोड़फोड़ कर आंतक मचाया गया। पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ अपराध कर हमलावरों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

**सरकंडा, चांटीडीह और चिंगराजपारा को जोड़ने वाले पुल से ट्रैफिक ठीक होगा**

# रपटा पर 15 करोड़ में बन रहा नया पुल 300 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के सरकंडा, चांटीडीह और चिंगराजपारा को जोड़ने वाला शनिचरी रपटा पुल के बगल में एक और नया पुल बनाया जा रहा है। यह ब्रिज 300.50 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा होगा, जिसकी लागत लगभग 15 करोड़ रुपए होगी। इस नए ब्रिज के बन जाने से शहरवासियों को सुगम यातायात के साथ अरपा नदी का मनमोहक दृश्य भी देखने को मिलेगा।

शहर के विकास और यातायात की मांग को देखते हुए प्रशासन ने पुराने पुलों को तोड़कर नए पुल बनाने की दिशा में काम शुरू किया है। शनिचरी रपटा पुल को मध्यप्रदेश शासन के दौरान आवश्यकतानुसार बनाया गया था, परंतु इसकी ऊंचाई कम होने के कारण बाढ़ के समय यह पुल डूब जाता था। समय के साथ शहर का विस्तार हुआ, और आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग इस पुल का उपयोग करने लगे, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।




शनिचरी रपटा के पास चल रहा निर्माण कार्य।

### जगह की कमी के कारम 8 मीटर होगा चौड़ा

स्थानीय निवासियों की लंबे समय से यह मांग थी कि इस पुल को ऊंचा और चौड़ा किया जाए। प्रशासन ने इस मांग को मानते हुए इसे बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा, जिसे अब मंजूरी मिल चुकी है। शनिचरी रपटा पुल अब 7,887 फीट लंबा और 26 फीट चौड़ा बनेगा, जो शहर की यातायात आवश्यकताओं को पूरा करेगा। अधिकारियों के अनुसार, शहर की आवश्यकता को देखते हुए रपटा पुल को 12 मीटर चौड़ा बनाया जाना चाहिए था लेकिन जगह की कमी और भूमि अधिग्रहण में आने वाली अड़चनों को देखते हुए इसे 8 मीटर चौड़ा रखने का निर्णय लिया गया है।

### मंगला को लोधीपारा से जोड़ने के लिए दूसरा ब्रिज

अरपा नदी पर एक और ब्रिज मंगला से पुराना सरकंडा होते हुए लोधीपारा को जोड़ने के लिए बनेगा, जिसकी लंबाई लगभग 400.50 मीटर और चौड़ाई 8 मीटर होगी। इस ब्रिज पर 15 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके निर्माण से मंगला और आसपास के गांवों के लोगों को सरकंडा जाने के लिए इंद्रासेतु पुल की निर्भरता कम होगी और लंबे जाम से राहत मिलेगी।

### नजारा होगा बेहद आकर्षक

अधिकारियों का दावा है कि अरपा के किनारे का नजारा आने वाले दिनों में काफी सुंदर होगा। अरपा नदी में सालभर पानी रहेगा, और इसके दोनों किनारों को पिकनिक स्पाट के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां नौका विहार की सुविधा होगी। रात में दोनों ब्रिज से होकर गुजरने वाले लोगों को नदी के किनारों का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा।

## लाखों की लकड़ी सहित पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध वृक्ष कटाई करने के बाद लाखों की लकड़ी का भंडारण अपने घर में करने वालों के खिलाफ वन विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

मरवाही वन मंडल में अवैध पेड़ों की कटाई और परिवहन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले यहां के जंगल में सैकड़ों पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई, जिसमें प्रदेश की उड़नदस्ता टीम ने आकर जांच की। इस दौरान लाखों के पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया था। वहीं मरवाही वनमंडल अंतर्गत गौरेला परिक्षेत्र के पिपरखुंटी बीट के कक्ष क्रमांक 2324 एवं 2325 में अवैध वृक्ष कटाई एवं लकड़ी भंडारण के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग को 4.30 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि पीपरखूंटी के दो मकानों में लाखों की लकड़ी भंडारण की गई है। सूचना मिलने के बाद मरवाही वन मंडल की वन मंडलाधिकारी ग्रीष्मी चांद के आदेश पर वन विभाग की ओर से सर्च वारंट जारी किए गए। आदेश मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने दो मकानों में दबिश दी, जहां भारी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित साल लकड़ी बरामद की गई। इसमें कुल 136 नग चिरान साल लकड़ी एवं 11 नग साल लट्ठे व सागौन सहित लाखों की लकड़ी जब्त करने के साथ आरोपी लालसिंह राठौर, धनाराम और बासिनटोल में सागौन सहित आरोपी मुन्ना भाई को गिरफ्तार कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अवैध कटाई एवं चिराई में उपयोग किए जाने वाले उपकरण भी बरामद किए गए, जिनमें हाथ आरी, इलेक्ट्रिक चेनसॉ एवं कुल्हाड़ियां इस कार्यवाही में संलिप्त दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है तथा उनके विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अनुसार मामले में आगे की जांच एवं कार्रवाई लगातार जारी है, जिसमें जब्त वनोपज की मात्रा में और वृद्धि होने की संभावना है।



### मोबाइल हैक कर ड्राइवर से 1 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मोबाइल हैक कर ड्राइवर से 1 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा इमलीभाठा निवासी राजकुमार यादव पिता सूरज यादव 37 साल गाड़ी चलाने का काम करते हैं। 7 मई को उनका मोबाइल हैक हो गया। उन्होंने अपने मोबाइल का साफ्ट वेयर अपटेड करने के बाद अपना गुगल एकाउंट अपडेट किया और बैंक बैलेंस देखा तो उनके बैंक खाते से 1 लाख रुपए निकल गए थे। जालसाजों ने उनका मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिया है। पुलिस ने श्री यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## घरेलू विवाद पर आक्रोशित पुत्र ने की पिता की हत्या, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सीतापुर।** पिता पुत्र के बीच हुए घरेलू विवाद से आक्रोशित पुत्र ने पिता की पीट पीटकर हत्या कर दी। पिता की हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पुत्र को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त घटना चौकी केरजु के ग्राम कुनमेरा की है जहां गुढ़ीपारा निवासी बुजुर्ग रामविलास सिंह को उसके बड़े बेटे धरम सिंह ने घरेलू विवाद पर आक्रोशित होकर हत्या कर दी। इस घटना की मुख्य वजह आरोपी की माता का मृत्यु के बाद सामाजिक रूप से होने वाला अंतिम क्रियाकर्म नही होना बताया जा रहा है। दरअसल आरोपी धरम सिंह की मां की मृत्य पिछले साल हो गई थी जिसका अंतिम संस्कार के बाद पैसों की कमी की वजह से सामाजिक रूप से होने वाला दशकर्म एवं अन्य संस्कार नही हो पाया था। जिसकी वजह से आरोपी काफी दुःखी रहता था और अंदर ही अंदर उसे ये बात सताए जा रही थी। उसने इस संबंध में कई बार अपने पिता से बात की और मां के दशकर्म को संपन्न करने का अनुरोध किया पर हमेशा नशे में धुत रहने वाला शराबी पिता ने इसे कभी गंभीरता से नही लिया।



## मामूली विवाद पर दो युवकों पर चाकू से हमला, एक की मौत

**बिलासपुर।** बारात जाने के दौरान गाड़ी में मामूली विवाद होने पर दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। घायलों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक का इलाज चल रहा है।



मृतक।



घायल।

रतनपुर देवरी निवासी रामरतन प्रधान ने बताया, 8 मई को लक्ष्मी प्रधान पिता शिव कुमार प्रधान 26 साल, सूरज कश्यप 26 साल गांव से पिकअप में सवार होकर सरगांव बारात जा रहे थे। रास्ते में दो नाबालिग गाड़ी के इंजन के ऊपर बैठ गए थे। लक्ष्मी ने दोनों को नीचे उतने पर को कहा तो दोनों नाबालिग नीचे उतरकर गाली गलौज करने लगे। लक्ष्मी ने गाली देने से मना किया तो दोनों नाबालिगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। सूरज कश्यप ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

बाराती गाड़ी में चाकूबाजी होने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद लक्ष्मी प्रधान को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूरज कश्यप का इलाज चल रहा है। 9 मई को सिम्स चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## बहन को रॉड से मारा,रिपोर्ट होने पर पुलिस कार्रवाई के डर से युवक ने की खुदखुशी

बिश्रामपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता में एक 24 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर पुलिस कार्रवाई के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। युवक की मौत से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार ग्राम सतपता निवासी शैलेश सिंह गोंड़ पिता अजय सिंह गोंड़ पेशे से ड्राइवर था। शुक्रवार को वह श्रीनगर से घर लौटा था और शराब के नशे में बताया जा रहा था। उस समय उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे और घर में उसकी 16 वर्षीय बहन अकेली थी। बताया गया कि शैलेश ने घर पहुंचने के बाद बहन से खाना मांगा। बहन ने खाना बन रहा होने की बात कही, जिससे वह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से आधा दर्जन यात्री हुए घायल

**अकलतरा।** फोर लेन चौक तरौद के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आटो सवार सात यात्री घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 9 मई की सुबह ग्राम खटोला से कुछ लोग ऑटो में सवार होकर ग्राम बनाहिल की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 8 बजे ऑटो जब नेशनल हाईवे फोरलेन चौक तरौद के पास पहुंची थी तब किसी कारणवश आटो अनियंत्रित होकर पलट गई। आटो में सवार यात्री चोटिल हो गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। ऑटो के पलटने से घायल लोगों की चीख-पुकार सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान नगर के वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद राजकुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। पार्षद ने तत्काल अपनी गाड़ी से घायल पूर्णिमा उम्र 20 वर्ष निवासी लखराम रतनपुर, दुर्गेश्वरी केंवट उम्र 19 वर्ष निवासी ओखरगांव पचपेड़ी, दुर्गा केवट उम्र 15 वर्ष निवासी ओखरगांव पचपेड़ी, दामिनी केंवट उम्र 10 वर्ष ग्राम पौना, उर्मी केंवट 7 वर्ष ग्राम पौना, चमेलीबाई केंवट 40 वर्ष लखराम रतनपुर एवं कौशल्या केंवट उम्र 65 वर्ष निवासी ओखरगांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल सभी सात में से तीन लोगों के सिर में गंभीर चोटे आई थी जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के द्वारा इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### चोरी की मोटरसायकल के साथ तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** चोरी की मोटरसायकल के साथ पामगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई बाइक बेचने की फिराक में घुमते हुए आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देहान पारा नंदेली निवासी भैया राम यादव की बाइक 8 मई की रात चोरी हुई थी। रात्रि में घर के छत उपर से घर अंदर घुस कर दरवाजा खोलकर मोटर सायकल को चोरी की गई थी। मामले की रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोटर सायकल को पंकज कश्यप एवं उनके अन्य साथी चोरी किए हैं, और मोटर सायकल को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश कर रहे है। पुलिस द्वारा पामगढ शराब भट्ठी के पास घेरा बंदी कर आरोपियों को पकड़ा जिसके कब्जे से मोटर सायकल बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने भैयाराम यादव के घर से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने अंशु पटेल उर्फ चिट्टी निवासी व्यासनगर, कुलदीप भानू निवासी नंदेली, पंकज कश्यप निवासी व्यासनगर को धारा 331 (2),305 (क), 3 (5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सावन कुमार सारथी थाना प्रभारी पामगढ़, SI कृष्ण कुमार साहू, ASI संतोष बंजारे, प्रधान आरक्षक राजेश कुमार कोसले का सराहनीय योगदान रहा।

### सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**पामगढ़।** सुनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 मई को एक नाबालिक बालिका अपने घर पर अकेली थी। तभी पेण्ड्री निवासी सुनील कुमार वर्मा घर में घुस गया। सुनेपन का फायदा उठाकर बालिका को धमकी देते हुए अनाचार कर वह मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना थाना पामगढ़ में दी गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पेण्ड्री निवासी 35 वर्षीय सुनील कुमार वर्मा को पकड़ा और जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को धारा 65(1), 351(3) बीएनएस एवं 04, 06 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## निगम ने अपने 5 प्रमुख उद्यानों को संचालन संधारण हेतु दिया है बैंकों को

# नगर पालिक निगम की इको-स्टेप योजना से गार्डन बन रहे ग्रीन हट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की इको-स्टेप बैंकर्स ग्रीन एप्रोच योजना से निगम के गार्डन ग्रीन हट बन रहे हैं, इन उद्यानों में तपती गर्मी के बीच ठंडे सुकून की तलाश में लोगों की भारी भीड़ जुट रही है। योगा प्राणायाम कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं, वहीं इन उद्यानों में बैंकों द्वारा स्थापित ब्रांडिंग बोर्ड जहां एक ओर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते नजर आ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर हरे भरे पेड़-पौधों व ठंडी घांस से आच्छादित उद्यान अपनी जीवन्तता प्रस्तुत कर रहे हैं, वर्तमान में इसका ताजा उदाहरण बना है, घंटाघर निहारिका मार्ग पर स्थित निगम का स्मृति उद्यान।

**खास बात**

- उद्यानों में बैंकों के ब्रांडिंग बोर्ड दे रहे स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश


गार्डन में लगा बैंक का बोर्ड।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपनी पदस्थापना के समय से ही एक ओर जहां शहर की स्वच्छता, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, शहर सौंदर्यीकरण, अवैध कब्जों को दूर करने व शहर को व्यवस्थित करने की दिशा में धरातलीय स्तर पर ठोस कार्य प्रारंभ कराया था, वहीं दूसरी ओर शहर में हरीतिमा बिखेरने, ग्रीन कारिडोर तैयार करने, सड़क डिवाईडर व रोड साईट में पौधों को रोपण करने, उद्यानों को ग्रीन हट का स्वरूप देते हुये पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सुनियोजित कार्ययोजना के तहत कार्यवाही प्रारंभ कराई थी, आज एक ओर जहां सम्पूर्ण शहर में इसके सकारात्मक परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं, हरीतिमा बिखर रही है, वहीं दूसरी ओर निगम के प्रमुख उद्यान ग्रीन हट का स्वरूप धारण कर रहे हैं। बुजुर्ग हो या जवान, बच्चे हो या महिलाएं सभी जन उद्यानों के बदले स्वरूप का लुत्फ उठा रहे हैं। नगर निगम की इस अभिनव योजना इको-स्टेप बैंकर्स ग्रीन एप्रोच का शुभारंभ 4 दिसम्बर 2025 को प्रमुख सचिव एवं जिला के प्रभारी सचिव रोहित यादव एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा किया गया था, इस योजना के तहत निगम के उद्यानोंके संधारण, संरक्षण व संचालन आदि की महती जिम्मेदारी विभिन्न बैंकों को दी गई थी, जिसके तहत यह प्रावधान रखा गया था कि बैंकर्स अपने सीएसआर मद से इन उद्यानों के संधारण संरक्षण व वहां पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे तथा इसके बदले में वे उद्यानों में अपने ब्रांडिंग बोर्ड स्थापित कर अपनी ब्रांडिंग करेंगे तथा साफ-सफाई, स्वच्छता व पर्यावरण का संदेश भी इनके माध्यम से देंगे।

**5 उद्यानों को संधारण हेतु दिया गया था बैंकों को**

नगर निगम द्वारा अपने जिन प्रमुख 5 उद्यानों के संचालन, संधारण व संरक्षण हेतु विभिन्न 5 बैंकों को दिया गया था, उनमें एचडीएफसी बैंक को स्मृति उद्यान, महाराष्ट्रा बैंक को पुष्पलता उद्यान, इंडियन ओवरसीज बैंक को साडा कालोनी शिव मंदिर उद्यान, आईडीएफसी बैंक को महाराणा प्रताप उद्यान तथा स्टेट बैंक आफ इंडिया को रविशंकर नगर उद्यान की जिम्मेदारी दी गई है। निगम द्वारा इन उद्यानों के संधारण, संरक्षण व संचालन हेतु प्रतिवर्ष 50 लाख रूपये का व्यय किया जाता था, अब इन उद्यानों की जिम्मेदारी बैंकों के दिये जाने से निगम को प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख रूपये की बचत हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर उद्यानों की व्यवस्थाएं सुधरी हैं।

## खिड़की के रास्ते चोरी को दिया अंजाम सीसीटीवी में कैद हुई चोर की हरकत


सीसीटीवी में कैद आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक चोर ने ट्रांसपोर्टर के घर की खिड़की से हाथ डालकर नकदी और जरूरी दस्तावेज पार कर दिए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्टर राम जी असाटी के घर की है। सीसीटीवी फुटेज में चोर खिड़की के पास खड़ा नजर आ रहा है। मौका मिलते ही उसने अंदर रखे पर्स और कपड़ों में हाथ डालकर 5 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोर सिर्फ नकदी ही नहीं ले गया, बल्कि पर्स में रखे आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य जरूरी सरकारी दस्तावेज भी लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार आरोपी पिछले दो दिनों से घर के आसपास संदिग्ध हालत में घूम रहा था। सीसीटीवी में वह लगातार रेकी करते नजर आया। तीसरे दिन मौका पाकर उसने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले पड़ोस के घर से भी खिड़की के जरिए मोबाइल चोरी हुआ था। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर दिनदहाड़े रेकी कर रहे हैं। लोग अब सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों में बाहर जाने से भी डरने लगे हैं, क्योंकि घर खाली मिलते ही घर खाली पाकर चोर वारदात कर देंगे। घटना की शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस से की गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा सुनने भक्तों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा


जीवंत झांकी के साथ व्यासपीठ से कथा सुनाते आचार्य।

मित्रता हो तो सुदामा की जैसे तू कर्म कर फल की चिंता न कर, जैसा मनुष्य कर्म करेगा उसका फल, परिणाम भी वैसे ही मिलेगा। इस धरती पर कुछ भी शाश्वत रहने वाला नहीं है। जो पैदा हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है विधाता ने प्रत्येक जीव प्राणी की मृत्यु तय कर रखी है इसलिए मनुष्य को चाहिए कि इस जीवन में जितनी हो सके भागवत चरण का शरण लेना चाहिए, सत्कर्म करते रहना चाहिए, दीन हीन गरीबों की मदद् करनी चाहिए उक्त भागवत आचार्य आचार्य पंडित नूतन पांडेय ग्राम भैसमा निवासी लीला बिहारी कौशिक एवं तुलेश्वर कौशिक के निवास रघुबर कृपा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन सुदामा चरित्र के उपलक्ष में कही। गुप्त कथा कौशिक परिवार द्वारा उनकी माताजी श्रीमती ललिता देवी के वार्षिक श्राद्ध के उपलक्ष्य पर आयोजित की गई है। श्रवण करने बड़ी संख्या में ग्रामवासी और आदमी स्वजन प्रति दिवस पहुंच रहे हैं।

## डोंगानाला समिति ने आयुष विभाग को बेचीं ढाई करोड़ की वन औषधी, घर-घर पहुंची खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कभी जंगल से लकड़ी बीनकर गुजारा करने वाली कटघोरा की आदिवासी महिलाएं आज वन धन से लखपति बन गई हैं। डोंगानाल हरिबोल महिला स्व-सहायता समूह की लगभग 15 महिलाओं ने जंगल से वन औषधियां इकट्ठा कर उनका प्रसंस्करण किया और सीधे आयुष विभाग को लगभग ढाई करोड़ की औषधियां बेच डाली। खर्चा-पानी निकालकर समूह को 20 लाख रुपये का लांभाश की राशि मिली है। अब ये महिलाएं न सिर्फ अपने परिवार चला रही हैं, बल्कि दूसरी महिलाओं के लिए मिसाल बन गई हैं। उल्लेखनीय है कि कटघोरा वन मंडल के पाली रेंज अंतर्गत डोंगानाल हरिबोल महिला स्व-सहायता समूह ने वन औषधि प्रसंस्करण में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। समूह की 15 महिलाओं ने इस साल जंगल से आंवला, हर्रा, बहेरा, कालमेघ, अश्वगंधा, सर्पगंधा जैसी 18 तरह की वन औषधियां इकट्ठा कर उनका वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया। वन विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के सहयोग से तैयार इन औषधियों को छत्तीसगढ़ आयुष विभाग ने ढाई करोड़ में खरीदा है। प्रसंस्करण, पैकेजिंग और परिवहन का खर्च निकालने के बाद समूह को अब 20 लाख रुपये की लाभांश की राशि मिला है। सोमवार को वन मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीएफओ कुमार निशांत ने सभी महिलाओं को चेक सौंपा है। वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत निरंतर इस क्षेत्र में बसने वाले महिलाओं को इस समूह को जोड़कर नए नए औषधी बनाने की दिशा पर प्रयास कर रहे हैं जिसका सीधा लाभ अब क्षेत्र की महिलाओं को मिलना शुरु हो गया है। अब इस राशि से महिलाओं की आर्थिक दशा दिशा भी बदलेगी।


लाभांश का प्रमाण प्राप्त करती समूह की महिलाएं।

**20 प्रकार की औषधी तैयार करती हैं महिलाएं**

कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि हरिबोल स्व सहायता समूह की महिलाएं डोगानाला स्थित प्रसंस्करण केंद्र में मुख्य रुप से जो औषधी निर्माण करती है उनमें त्रिफला, पंचसम चूर्ण, सतावरी चूर्ण, आमलकी चूर्ण, हिंगवाष्टक चूर्ण, अजमोदादि चूर्ण, अश्वंगधादि चूर्ण, सितोपलादि चूर्ण, अविपत्तिकर चूर्ण, बिल्वादि चूर्ण, पुष्यानुग चूर्ण, कालीमूसली चूर्ण, अर्जुन त्वक चूर्ण, सफेद मूसली चूर्ण, हर्बल केशपाल चूर्ण, हर्बल मधुमेह नाशक चूर्ण, हर्बल फेसपैक चूर्ण, महिला मित्र चूर्ण, सर्दी खांसी नाशक चूर्ण, पायोकिल दंत मंजन चूर्ण तैयार करती हैं। बताया जाता है कि कटघोरा वन मंडल के जंगल से ही महिलाएं कौन सी जड़ी-बूटी कब तोड़नी है, कैसे सुखानी है, पाउडर-काढ़ा कैसे बनाना है। विभाग ने प्रसंस्करण केंद्र में मशीनें भी लगवाईं। अब समूह के पास ड्रायर, ग्राइंडर, पैकेजिंग यूनिट है।

# भूविस्थापितों की महापंचायत आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग किसान सभा ने छोटे खातेदारों को रोजगार देने, भूविस्थापितों के पुराने लंबित रोजगार प्रकरणों का निराकरण, जमीन वापसी, पट्टा, बसावट एवं प्रभावित गांव की समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा के बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 10 मई को जेलपारा गेवरा में भूविस्थापितों की महापंचायत आयोजित कर पीड़ित भूविस्थापितों को एकजुट करने और समस्याओं पर चर्चा कर आगे आंदोलन की बड़ी रणनीति तैयार करने का निर्णय लिया है। महापंचायत में कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका क्षेत्र के 40 से अधिक गांव के भूविस्थापितों से संपर्क कर महापंचायत में शामिल होने की अपील की जा रही है। किसान सभा के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर भूविस्थापितों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं महापंचायत को लेकर भू विस्थापितों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। किसान सभा और भू विस्थापित संगठन ने प्रमुख मांग की है की छोटे खातेदारों को रोजगार दिया जाए, वन टाइम सेटलमेंट कर रोजगार के पुराने लंबित मामलो का जल्द से जल्द निराकरण किया जाये और जिनकी भी जमीन अधिग्रहण की गई है उन्हें बिना शर्त रोजगार प्रदान किया जाए।



प्रभावितों को आंदोलन की जानकारी देते ग्रामीण।

**विभित्र पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
**(एन ई. आर. डी. सी. एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.)**
**(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) (रजि.U85499CT2023NPL015-480)**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन पाठ्यक्रमों में 12वी के प्राप्तांको के अनुसार (एन.ई.आर.डी.सी.) एजुकेशनल काउंसिल संचालित विभित्र सहयोगी पाठ्यकमों मे (सत्र 2026-27) मे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभित्र प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के नाम

| D.M. L.T. | W.B.A. | M.P.H.W. | C.O.T. | G.D.A. | E.M.T. | C.O.D. | DIALYSIS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | वार्डबाय असिसटेट | मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | सर्टिफिकेट इन आपरेशन टेक्निशियन | जनरल ड्यूटी असिसटेट | इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | डिप्लोमा डायलिसिस टेक्निशियन |

आवेदन हेतु 12वी कक्षा मे न्युनतम प्रतिशत:- 40%.विकलागं/सैनिक/स्व.संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट:-

1. आवेदक.निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 25 रू का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफा में अपना स्वय का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विधार्थी सत्र 2026 में 12वी उत्तीर्ण किये है वह विधार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारो को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिग हेतु पात्र होगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विधार्थी आवेदन कर सकते है।

* आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 30.06.2026 तक
* कार्यालय का पता:- NERDC एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग. (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) पिन- 495001

प्रति,
संचालक,
NERDC एजुकेशनल काउंसिल
मध्यनगरी चौक बिलासपुर छ.ग
महोदय,

पासपोर्ट साइज फोटो

...........................................(पाठ्यकम का नाम) मे चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................................
2. पिता/पति का नाम ..........................................
3. जन्म तिथि अंको मे ..........................................
4. अनु.जाति/अनु.जनजाति/पिछडा वर्ग / सामान्य ..........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........................................
6. मो.न.................................व्हाब्सएप नंबर ..........................................
7. शैक्षणिक योग्यता ..........................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

NERDC EDUCATIONAL COUNCIL BILASPUR (C.G.) 495001






## खबर संक्षेप




### छात्रा डॉ. एंजेल ने प्राप्त की डॉक्टरेट की उपाधि

**कोरबा।** स्वर्गीय बलीराम कश्यप मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से डॉ. एंजेल जॉनसन ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। डॉ. एंजेल जॉनसन के पिता जॉनसन पॉल और माता स्टेला जॉनसन हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीपीएस स्कूल, बालको से प्राप्त की। बचपन से ही उनके मन में डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने की प्रबल इच्छा थी, जिसे उन्होंने आज साकार कर दिखाया है। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जेडी दुल्हानी, एमडी पीडियाट्रिक्स, डॉ. प्रदीप बेक, डीन एवं एमडी मेडिसिन तथा डॉ. अनुरूप साहू, अस्पताल अधीक्षक एवं एमडी पीडियाट्रिक्स उपस्थित रहे। डॉ. एंजेल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और ईश्वर को दिया। उन्होंने कहा कि वह आगे भी चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य कर समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना चाहती हैं।

### कलेक्टर ने पसरखेत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ग्राम पसरखेत में बाला मॉडल के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के सीईओ खगेश निर्मलकर को निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रत्येक चरण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के अनुकूल शिक्षण-सीखने के वातावरण को ध्यान में रखते हुए बाला मॉडल के सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। बाला मॉडल एक बाल-केन्द्रित शिक्षण अवधारणा है, जिसमें भवन और परिसर को ही सीखने का माध्यम बना दिया जाता है। इसमें रंग, आकार, चित्र, चार्ट, गतिविधियाँ, खेल और स्थानीय प्रसंगों को शामिल करके ऐसा वातावरण तैयार किया जाता है, जिससे बच्चे खेल-खेल में सीखते हैं।

### विश्व रेड क्रॉस दिवस पर शिक्षा मंत्री ने रामसिंह अग्रवाल का किया सम्मान




**कोरबा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में रेड क्रॉस सोसाइटी कोरबा इकाई के चेयरमैन एवं समाजसेवी राम सिंह अग्रवाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। राम सिंह अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में जिले में रेड क्रॉस समिति की गतिविधियों को तेज गति से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में अब तक 1370 नए सदस्यों को रेड क्रॉस सोसाइटी से जोड़ा गया है। इसके साथ ही रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

# ब्लाक मुख्यालय कटघोरा में खुलेगी नगरीय निकाय की लाइब्रेरी

## सभी ब्लाकों में लाइब्रेरी शुरू करने की तैयार हुई है योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय की तर्ज पर कटघोरा में भी लाइब्रेरी खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही सभी ब्लाक मुख्यालय में आने वाले समय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को लाइब्रेरी की सुविधा मिल सकेगी। जिला प्रशासन इसकी भी तैयारी की जा रही है।

लाइब्रेरी के लिए कटघोरा क्षेत्र से लंबे समय से मांग की जा रही थी। नगर पालिका परिषद के पार्षदों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी लाइब्रेरी शुरू करने के लिए प्रशासन के समक्ष अपना प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव के साथ जिला प्रशासन ने सभी ब्लाक मुख्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं और वहां अन्य शासकीय दफ्तरों में रहने वाले कर्मचारियों व उनके परिवारों की स्थिति का आंकलन किया और उस मामले में कटघोरा क्षेत्र को पहले प्राथमिकता दी गई। जिले के सभी ब्लाक मुख्यालय की तुलना में कटघोरा क्षेत्र अब एक अलग स्थान बना चुका है। इस दृष्टि से कटघोरा नगरीय निकाय क्षेत्र में लाइब्रेरी खोलने की अनुमति जिला प्रशासन के द्वारा दी गई है। इसके लिए नगरीय निकाय क्षेत्र में ही शासकीय भवन का चिन्हांकन कर लाइब्रेरी की शुरुआत अस्थायी रूप से की जाएगी। उसके बाद नए भवन का निर्माण करने के बाद लाइब्रेरी को शिफ्ट किया जाएगा।

**खास बातें**

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को मिल सकेगी सुविधाएं




### कटघोरा क्षेत्र में बड़ी आबादी

कटघोरा नगर पालिका परिषद और उसके 5 किलोमीटर की परिधि में आने वाले ग्रामीण अंचल भी अब कस्बे का रूप ले चुके हैं। नगरीय निकाय क्षेत्र की आबादी भी अब बढ़ चुकी है। नेशनल हाइवे और रेल कनेक्टिविटी होने के कारण कटघोरा क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसी तर्ज पर लाइब्रेरी की सुविधा शुरू की गई। कटघोरा महाविद्यालय में प्रोफेशनल कोर्स शुरू होने के साथ ग्रामीण अंचल के छात्रों को अब इन कोर्स में भी प्रवेश मिलने लगा है। लाइब्रेरी शुरू होने से स्कूली और महाविद्यालयीन छात्रों को एक बड़ी सुविधा मिल सकेगी।

## कार्य की गुणवत्ता पर नहीं होगा किसी प्रकार का समझौता

# प्रगतिरत विकास कार्यों को समय पर करें पूर्ण अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू कराएं : लखनलाल



निगम अधिकारियों की बैठक लेते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र के वार्डों में प्रगतिरत विकास कार्यों को समयसीमा के अंदर पूरा करायें तथा जो कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किये गये हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने में देरी व कार्य प्रारंभ कर बीच में कार्य रोकने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही करें, नोटिस दें तथा यदि फिर भी कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता तो अमानत राशि राजसात करते हुये ऐसे निर्माण एजेंसियों को ब्लेक लिस्ट किये जाने की कार्यवाही भी करें। उन्होंने यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि किया जा रहा विकास कार्य पूर्ण गुणवत्तायुक्त है, साथ ही गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का कम्प्रोमाईज न हो, यह भी सुनिश्चित करें।

**खास बात**

- कार्यों में देरी व बीच में कार्य रोकने पर निर्माण एजेंसियों पर होगी कार्यवाही

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के दर्री जोन व सर्वमंगला जोन के विकास कार्यों, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यों की कार्यप्रगति की वार्डवार समीक्षा करने के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने मंत्री देवांगन ने दर्री जोन व सर्वमंगलानगर जोन के अधिकारियों व वार्ड पार्षदों की बैठक लेकर इन दोनों जोन के 20 वार्डों के विकास कार्यों की वार्डवार समीक्षा की। वर्तमान में दर्री जोन व सर्वमंगलानगर जोन में कुल 166 कार्य स्वीकृत हुये थे, जिसमें दर्री जोन के 14 वार्डों के 112 कार्य स्वीकृत कार्यों में 45 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं, 45 कार्य प्रगतिरत हैं तथा 22 कार्य अभी अप्रारंभ हैं। इसी प्रकार सर्वमंगला नगर जोन के 6 वार्डो के स्वीकृत 54 विकास कार्यों में 28 कार्य पूर्ण, 14 प्रगतिरत व 12 विकास कार्य अप्रारंभ है। अप्रारंभ विकास कार्यो की वार्डवार समीक्षा करते हुय उद्योग मंत्री देवांगन ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि संबंधित निर्माण एजेंसियों को नोटिस दें तथा कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करायें, इसी प्रकार प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कुछ कार्य बीच में रूके हुये हैं, इस पर उद्योग मंत्री देवांगन ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुये अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित निर्माण एजेंसियों को कार्य प्रारंभ करने का नोटिस दें, फिर भी यदि उनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता तो उनकी जमा अमानत राशि राजसात करते हुये उन्हें ब्लेक लिस्टेड किये जाने की कार्यवाही करें। उद्योग मंत्री देवांगन ने अधिकारियों से कहा कि विकास व निर्माण कार्यो के संपादन के दौरान संबंधित अभियंतागण कार्यो की निरंतर मानीटरिंग करें, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि विकास कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ संपादित हों तथा कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान जो भी निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं, उनका कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति में तेजी के साथ-साथ आमजन की समस्याओं व शिकायतों पर विशेष रूप से फोकस करें तथा प्राप्त शिकायतों का समयसीमा में निराकरण करायें।

# बस स्टैंड के संचालन से पहले अतिक्रमण हटाने की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपिका क्षेत्र में भाजपा सरकार के दौरान बने प्रतीक्षा बस स्टैंड की उपयोगिता अब तक नहीं हो सकी है। अब इसके रिनोवेशन के साथ संचालन को लेकर 32 लाख खर्च करने हैं लेकिन इससे पहले सबसे बड़ी चुनौती इस इलाके में मौजूद अतिक्रमण को हटाने की है।

**खास बात**

- 32 लाख से रेनोवेशन पर पार्षदों ने उठाए सवाल

जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले दिनों अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई की गई और संदेश दिया गया कि नियम सबके लिए बराबर है, अब बारी है दीपिका क्षेत्र की। नगरी निकाय के द्वारा दो दशक पहले यहां पर तैयार कराया गया प्रतीक्षा बस स्टैंड लंबे समय बाद भी संचालन में शामिल नहीं हो सका। यात्री बसों का परिचालन पहले की तरह पुरानी व्यवस्था पर चल रहा है। हाल में ही बस स्टैंड को संचालन लायक बनाने के लिए 32 लाख रुपए का टेंडर निकाला गया है। कांग्रेस के पार्षदों ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा है कि कामकाज हो इसमें दिक्कत नहीं लेकिन सबसे पहले बस स्टैंड क्षेत्र से सभी अतिक्रमण को पूरी तरह हटाया जाए। उनका कहना है कि ऐसा होने पर ही बस स्टैंड से व्यवस्था का संचालन संभव हो सकेगा। उनके द्वारा कहा गया है कि प्रतीक्षा बस स्टैंड को शराब खोरी का अड्डा बना दिया गया है और कई प्रकार के काम यहां पर चल रहे हैं। कई नेतानुमा लोगों ने इस अंदाज में यहां अतिक्रमण कर लिया है मानो या उनकी अपनी संपत्ति है।

### चौपाटी निर्माण पर भी उठे सवाल

जानकारी मिली है कि 42 लाख रुपए खर्च कर चौपाटी का निर्माण करने की योजना है। यह कार्य पुष्प वाटिका क्षेत्र में होना है। इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि पिछले कार्यकाल में पुष्प वाटिका के निर्माण के बाद से यहां लोगों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी और चौपाटी की शिफ्टिंग भी यहां पर हो रही है। ऐसे में योजना कैसे फलीभूत होगी।

# रोजगार सह आवास दिवस पर 1016 पूर्ण आवासों में हितग्रहियों को कराया गृहप्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में 7 मई को चावल महोत्सव के अवसर पर रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम विकास, आजीविका संवर्धन, जल संरक्षण तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पूर्ण हुए 1016 आवासों में विधि विधान से हितग्राहियों गृहप्रवेश कराया गया।

प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशन में तथा सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी एवं प्रभावी समन्वय के साथ संपन्न कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पूर्ण कराए गए आवासों में आज रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया गया। रोजगार सह आवास दिवस में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों को अधिकतम 90 दिनों के भीतर पूर्ण कराने हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। हितग्राहियों को उनके खातों में हस्तांतरित राशि की जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। साथ ही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं अन्य आयमूलक गतिविधियों से जोड़ने के लिए भी विशेष पहल की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी क्यूआर कोड स्कैन प्रणाली के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित की गई, ताकि ग्रामीणजन योजनाओं की जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकें और पारदर्शिता को प्रोत्साहन मिले।




हितग्राही परिवार को गृहप्रवेश कराते।

# भैसमा में आदिवासी परिवारों की जमीन पर कब्जे का आरोप, कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला विकासखंड स्थित भैंसमा गांव के दर्जनों आदिवासी परिवारों ने अपनी पुश्तैनी जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा के बैनर तले जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। पीड़ित आदिवासी परिवारों का कहना है कि वे कई पीढ़ियों से गांव में अपनी जमीन पर खेती-किसानी कर जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ दबंग भू-माफिया उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें जमीन खाली करने के लिए दबाव बना रहे हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भू-माफियाओं द्वारा आए दिन धमकियां दी जा रही हैं और गुंडागर्दी की जा रही है। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने पहले स्थानीय पटवारी और आरआई से शिकायत की थी, लेकिन वहां से कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद आदिवासी परिवार किसान सभा के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और प्रशासन से न्याय की मांग की। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उनकी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।वहीं मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में सामान्य सभा की बैठक संपन्न

# विकास की गति को बढ़ाने को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में विकास की गति को बढ़ाने और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर अहम चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष द्वारा की गई, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पार्षदगण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से 4 बिंदुओं वाली विषय सूची पर विस्तार से चर्चा हुई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें वार्ड क्रमांक 11 में निर्माण मंगल भवन के सामने सीसी रोड और आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 35 लाख के लिए प्राप्त न्यूनतम ई-निविदा पर विचार कर स्वीकृति की दिशा में कदम बढ़ाया गया। वार्ड क्रमांक 1 और 3 में इंडेन गैस एजेंसी से शासकीय स्कूल होते हुए सब स्टेशन तक बीटी रोड निर्माण लागत 48 लाख के लिए निविदा पर चर्चा की गई। और वार्ड क्रमांक 8 स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य की लागत 49 लाख को लेकर कार्ययोजना पर सहमति बनी। बैठक में विकास कार्यों के साथ-साथ विधायी विषयों पर भी चर्चा हुई, जिसमें 131वें संविधान संशोधन विधेयक से संबंधित विषयों पर पार्षदों ने अपनी राय रखी और सभी अपनी सहमति प्रदान किया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। बैठक में सड़कों और नालियों के निर्माण के साथ-साथ जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया है। सभी वार्डों में गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएंगे। इस बैठक में उपस्थित पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से रखा, जिस पर सीएमओ और अध्यक्ष ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। विकास कार्यों की इस मंजूरी से बांकीमोंगरा क्षेत्र की जनता को आने वाले समय में जर्जर सड़कों और जल निकासी जैसी समस्याओं से निजात मिलने की उम्मीद है।




बैठक के दौरान उपस्थित पालिका अध्यक्ष एवं अन्य।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123




1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट:-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411